भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश – जून, 2024

माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:

1. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:

1.1 एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों) को संचालनरत करने के संशोधित लक्ष्य के मुकाबले दिनांक 30.06.2024 तक, **1,73,410** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) संचालनरत किए गए हैं, इन एएएम पर 286.50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का आगमन हुआ है। दिनांक 30.06.2024 तक, योग सहित 3.82 करोड़ आरोग्य सत्र आयोजित किए गए, 81.29 करोड़ उच्च रक्तचाप की जांचें, 71.48 करोड़ मधुमेह की जांचें, 48.82 करोड़ मुख कैंसर की जांचें, 22.13 करोड़ स्तन कैंसर की जांचें, 14.65 करोड़ सर्वाइकल कैंसर की जांचें की गई और 25.19 करोड़ टेलीकंसल्टेशन आयोजित किए गए हैं। रिपोर्टिंग माह में 273 एएएम को नए सिरे से चालू किया गया है।

1.2 राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत, 17 चिह्नित राज्यों में कुल **3,55,50,230** व्यक्तियों की जांच की गई है और दिनांक 30.06.2024 तक कुल 1,24,41,874 सिकल सेल कार्ड वितरित किए गए थे। रिपोर्टिंग माह में, सिकल सेल एनीमिया के लिए 32,01,265 व्यक्तियों की जांच की गई है।

1.3 प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) परिवारों और बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं का पूर्ण प्रावधान कराकर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम-जनमन के तहत, दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार 16 राज्यों के पीवीटीजी क्षेत्रों में **476 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू)** के लक्ष्य के मुकाबले 400 एमएमयू संचालनरत हैं।

2.विविध:

2.1 प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम):

- गुजरात राज्य को दिनांक 13.06.2024 को वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए क्रमशः 570.11 करोड़ रुपये और 883.03 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- दिनांक 28.06.2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "आयुष्मान भारत, गुणवत्त स्वास्थ्य!" कार्यक्रम के दौरान माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में

जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (डीआईपीएचएल) के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

2.2 प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, लगभग ~1.60 लाख निक्षय मित्र लगभग 9.84 लाख सहमति प्राप्त टीबी रोगियों को अपनाने के लिए आगे आए हैं (दिनांक 02.07.2024 तक की स्थिति के अनुसार)।

2.3 माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) के नेतृत्व में 24 जून, 2024 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य प्रतिनिधियों आदि की उपस्थिति में राज्य मंत्रियों (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) के साथ स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का राष्ट्रीय शुभारंभ किया गया।

2.4 जी20 प्रेसीडेंसी ब्राजील के तहत तीसरी स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक 2-6 जून, 2024 के दौरान ब्राजील के साल्वाडोर में आयोजित की गई। तीसरी स्वास्थ्य संबंधी कार्य समूह की बैठक में निम्नलिखित पूर्ण सत्र प्रस्तुत किए गए:

- अनुवर्ती सत्र: ग्लोबल इनोवेशन हब और ग्लोबल पेशेंट सेफ्टी लीडर्स ग्रुप (जीपीएसएलजी) और ग्लोबल पेशेंट सेफ्टी लीडर्स ग्रुप (जीपीएसएलजी) 3 जून, 2024 को आयोजित किया गया।
- डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल - एक सार्वभौमिक डिजिटल व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्राप्त करना, डीपीआई द्वारा सक्षम, 4 जून, 2024 को आयोजित किया गया।
- जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य - समानता और एक स्वास्थ्य 5 जून, 2024 को आयोजित किया गया।
- स्थानीय और क्षेत्रीय उत्पादन और नवाचार के लिए वैश्विक गठबंधन 6 जून, 2024 को आयोजित किया गया।